मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-201
20/04/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना संदिग्धों की पहचान के लिये डोर टू डोर स्क्रीनिंग कार्य में प्रतिनियुक्त आशा कर्मी इंदु कुमारी की सर्पदंश से हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, मृतका के आश्रित को चार लाख रूपये का अविलम्ब अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना 20 अप्रैल 2020 :– नवादा जिले में कोरोना संदिग्धों की पहचान के लिये डोर टू डोर स्क्रीनिंग कार्य में प्रतिनियुक्त आशा कर्मी इंदु कुमारी की सर्पदंश से हुयी मौत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि यह घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने मृतका के आश्रित को अविलम्ब चार लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश आपदा प्रबंधन विभाग को दिया है।

******